उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या-27/34/चार/आयोग/2020टी.सी
लखनऊः दिनांक- 21 मई, 2022

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के अंतर्गत प्रवर/अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक पद की मुख्य परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या:-03-परीक्षा/2022 प्रकाशित कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं।

उक्त विज्ञापन के बिन्दु-10 में यह उल्लिखित है कि लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम को आयोग की वेबसाइट पर यथासमय पृथक से प्रकाशित किया जाएगा।

अतः आयोग के प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के अंतर्गत प्रवर/अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक पद की मुख्य परीक्षा (विज्ञापन संख्या:-03-परीक्षा/2022) की लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नवत् है-

सम्मिलित प्रवर/अवर वर्ग सहायक एवं पूर्ति निरीक्षक के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

लिखित परीक्षा एक पाली की होगी, जिनमें प्रश्नों की कुल संख्या 100 तथा समयावधि 02 घण्टा (120 मिनट) होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (निगेटिव मार्किंग) दिए जायेंगे, जो प्रत्येक गलत उत्तर पर उस प्रश्न के पूर्णांक का 1/4 अर्थात् 25 प्रतिशत अंक होंगे।

परीक्षा योजना

प्रश्नों की संख्या- 100 **अवधि- 120 मिनट**

भाग	विषय	प्रश्नों की संख्या	पूर्णांक
एक	सामान्य अध्ययन	60	60
दो	सामान्य हिन्दी	40	40
	कुल-	100	100

उपर्युक्त परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (निगेटिव मार्किंग) दिए जाने हैं, जो प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अंक(25 प्रतिशत) होगा।

पाठ्यक्रम

भाग-एक सामान्य अध्ययन	**60 अंक**
भारतीय इतिहास एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन	**10 अंक**
भारतीय संविधान की विशेषतायें (विशेषतः संसदीय कार्य प्रणाली, न्यायपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था)	**10 अंक**
भारतीय भूगोल एवं अर्थव्यवस्था	**05 अंक**
सामान्य विज्ञान	**05 अंक**
भारतीय एवं वैश्विक समसामयिकी से सम्बन्धित प्रश्न	**05 अंक**
भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास एवं अन्य विकासपरक योजनाओं से सम्बन्धित प्रश्न	**05 अंक**
उत्तर प्रदेश की शिक्षा, संस्कृति, कृषि, उद्योग, व्यापार एवं विकासपरक योजनायें	**05 अंक**

प्रारम्भिक गणितीय ज्ञान (पूर्ण संख्या, भिन्न तथा दशमलव, प्रतिशतता, साधारण अंक-गणितीय समीकरण, औसत) तथा तालिका की व्याख्या एवं विश्लेषण सम्बन्धी प्रश्न	**10 अंक**
कम्प्यूटर संचालन से सम्बन्धित सामान्य प्रश्न	**05 अंक**
भाग-दो सामान्य हिन्दी	**40 अंक**
संधि, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, वाक्यांशों के लिये एक शब्द, लिंग, समश्रुत भिन्नार्थक शब्द, मुहावरे-लोकोक्तियाँ, सामान्य अशुद्धियाँ, अंग्रेजी से हिन्दी एवं हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद आधारित प्रश्न	**20 अंक**
अपठित हिन्दी गद्यांश-2 गद्यांश (प्रत्येक पर 05 प्रश्न) का विवेचन एवं विश्लेषण आधारित प्रश्न	**10 अंक**
पत्र लेखन-शासकीय, अर्द्ध शासकीय, परिपत्र, अधिसूचना, प्रेस विज्ञप्ति आदि से सम्बन्धित प्रश्न	**10 अंक**

21/05/2022

(दिनेश)
परीक्षा नियंत्रक।